<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 14.02.2026 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. कोडरमा में दुर्लभ खनिजों की संभावनाओं को लेकर भू–गर्भीय सर्वे शुरू, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इसे विकास और आत्मनिर्भरता का बताया ऐतिहासिक कदम।
2. कृतज्ञ राष्ट्र आज पुलवामा आतंकी हमले की सातवीं बरसी पर शहीद जवानों को दे रहा श्रद्धांजलि, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया नमन।
3. राज्य सरकार ने जमीन पर अवैध कब्जा रोकने के लिए राज्य स्तरीय समिति का किया गठन, दूसरे राज्यों के कानून का करेगी अध्ययन, नये कानून बनाने पर भी देगी सुझाव।
4. एनआईए की विशेष अदालत ने पीएलएफआई के छह सक्रिय सदस्यों को आतंक, अवैध हथियार और लेवी वसूली के मामले में 10–10 वर्ष के कठोर कारावास की सुनाई सजा।
5. रांची रेल मंडल ने रांची–लोहरदगा–डालटनगंज मार्ग पर शटल ट्रेन चलाने का प्रस्ताव तैयार किया, परिचालन शुरू होने पर यात्रियों को होगी सहूलियत।

****

कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में दुर्लभ और महत्वपूर्ण खनिजों की संभावनाओं को लेकर बड़े पैमाने पर भूगर्भीय सर्वे का शुरू हुआ है। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी।

इस पर कोडरमा की सांसद एवं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि सर्वे में इन खनिजों की उपस्थिति प्रमाणित होती है, तो यह कोडरमा और देश दोनों के औद्योगिक एवं रणनीतिक विकास के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि सिद्ध होगी।

****

राष्ट्र आज पुलवामा आतंकी हमले की सातवीं बरसी पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि सुरक्षा कर्मियों का सर्वोच्च बलिदान प्रत्येक नागरिक को सशक्त तथा सुरक्षित भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करेगा। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि शहीद जवानों की राष्ट्र के प्रति निष्ठा, संकल्प और सेवा देशवासियों की सामूहिक चेतना में जीवित रहेगी। इधर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि शहीद जवानों का बलिदान आतंकवाद के विरुद्ध सतर्क, एकजुट और मजबूत रहने की प्रेरणा देता है।

****

राज्य सरकार ने जमीन हड़पने और भूमि विवाद जैसे मामलों पर रोक लगाने के लिए राज्य स्तरीय समिति का गठन किया है। समिति का अध्यक्ष <u>अपर मुख्य सचिव</u> मस्तराम मीणा बनाये गये है। यह समिति दूसरे राज्यों में जमीन कब्जा रोकने के लिए लागू कानून का अध्ययन करेगी और अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। समिति जरूरत पड़ने पर नये कानून बनाने पर भी समिति सुझाव दे सकती है।

****

दुमका जिले में दो स्थानीय निकायों– दुमका नगर पर्षद और बासुकिनाथ नगर पंचायत के लिए चुनाव हो रहे हैं।

****

पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कोडरमा जिले के झुमरीतिलैया नगर परिषद, कोडरमा नगर पंचायत और डोमचांच नगर पंचायत से भाजपा समर्थित प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं से अपील की। उन्होंने कहा कि चुनाव में प्रयास हो कि वोटों का कम से कम बिखराव हो।

****

राज्य निर्वाचन आयोग ने 23 फरवरी के नगरपालिका आम निर्वाचन को लेकर नगर पालिका क्षेत्रों में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इस दिन सभी सरकारी कार्यालय और प्रतिष्ठान बंद रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

****

एनआईए की विशेष अदालत ने पीएलएफआई के छह सक्रिय सदस्यों को आतंक, अवैध हथियार और लेवी वसूली के मामले में 10–10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। गौरतलब है कि दिसंबर 2018 में लातेहार के बालूमाथ थाना क्षेत्र में छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला–बारूद बरामद हुआ था, जिसकी जांच एनआईए ने अपने हाथों ली थी।

****

रांची रेल मंडल ने रांची–लोहरदगा–डालटनगंज मार्ग पर पहली बार शटल ट्रेन चलाने का प्रस्ताव तैयार किया है। इस नई रेल सेवा के शुरू होने से यात्रा का समय कम होगा और आम यात्रियों की जेब पर पड़ने वाला बोझ भी घटेगा। रांची रेल मंडल ने इस प्रस्ताव को अंतिम स्वीकृति के लिए मुख्यालय भेज दिया है।

****

गिरिडीह जिले में राज्य खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी राजा कुमार ने डुमरी में अवैध रूप से संचालित खाद्य पदार्थ की एक फैक्ट्री में छापामारी कर भारी मात्रा में अवैध मिलावटी सामग्री जब्त की है। राज्य खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी राजा कुमार ने बताया कि काफी मात्रा में नकली रंग बरामद हुआ है।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 45 हजार 800 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 64 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह ने कल लोकसभा में ऐतिहासिक धरोहर इटखोरी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। सांसद ने केंद्र सरकार से इटखोरी महोत्सव को "राष्ट्रीय महोत्सव" घोषित करने पर सकारात्मक विचार करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ऐसा होने से इटखोरी का सुनियोजित विकास संभव होगा, अधिक पर्यटक आकर्षित होंगे और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

****

जमशेदपुर में शिवरात्रि के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्विद्यालय बिष्टुपुर केंद्र की ओर से द्वादश ज्योतिर्लिंगम आध्यात्मिक दर्शन मेला का आयोजन किया गया है। इस आध्यात्मिक मेले में भक्तों को सभी द्वादश ज्योतिर्लिंग के सजीव दर्शन करने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

****